Roll No. ..................................
Signature of Invigilator ..........................

**Paper Code**
**BA-111**

# पतंजलि विश्वविद्यालय

# University of Patanjali

**Examination December – 2018**

**B.A. (with Yoga Science), (Semester : First)**

**संस्कृत**

**संस्कृत-व्याकरणम् (प्रश्न-पत्र-प्रथमम्)**

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 75**

---

**नोट :** यह प्रश्नपत्र पचहत्तर (75) अंकों का है जो तीन (03) खंडों क, ख, तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

## खण्ड-क
## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पांच (05) दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3×15=45)**

1. "रमा" तथा "अस्मद्" शब्दों का रूप समस्त विभक्तियों में लिखिए।
2. उच्चारण स्थानों का उल्लेख कीजिए।
3. सूत्रोदाहरण लेखन पुरस्सर दीर्घ तथा गुण सन्धि का वर्णन कीजिए।
4. कारकों का सामान्य परिचय देते हुए अपादान कारक का सप्रमाण वर्णन कीजिए।
5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए –
   "भारत देश ग्राम-प्रधान है। अधिकतर जनता गाँवों में रहती है। गाँव में रहने वाले लोगों को ग्रामीण कहा जाता है। इनका जीवन बहुत सरल तथा निष्कपट होता है। ये बहुत परिश्रमी होते है। इनके कठोर परिश्रम का ही फल है कि हमें अनायास अन्नादि प्राप्त होते हैं। गाँवों की जलवायु स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होती है।

## खण्ड-ख
## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में छः (06) लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×5=20)**

1. "गम्" धातु का रूप लट् तथा लोट् लकारों में लिखिए।
2. "वस्" धातु का रूप लोट् तथा लृट् लकारों में लिखिए।
3. प्रयत्नों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
4. "एचोऽयवायावः" सूत्र की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।
5. सोदाहरण सम्प्रदान कारक का वर्णन कीजिए।
6. सन्धि-विच्छेद कीजिए –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रत्येकः, | पित्रा, | सैषा, | लोकेऽस्मिन्, | रामोऽधुना, | अत्रैकः, |
| अन्वयः, | वध्वौ, | यद्यपि, | पश्यैतम्, | हरेऽव, | जलौघः। |

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस(10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। **(10×01=10)**

1. गुरु" शब्द का चतुर्थी एकवचनान्त रूप है ?
   (अ) गुरोः (ब) गुर्वोः
   (स) गुराय (द) गुरवे
2. "पितृ" शब्द का पंचमी विभक्ति एकवचनान्त रूप है ?
   (अ) पित्रे (ब) पितुः
   (स) पितात् (द) पितः
3. माहेश्वर सूत्र कितने हैं ?
   (अ) 21 (ब) 108
   (स) 14 (द) 11
4. वर्त्तमान काल बोधक लकार कौन-सा है ?
   (अ) लट् (ब) लृट्
   (स) लङ् (द) लोट्
5. समस्त स्वर किस प्रत्याहार में गिने जाते हैं ?
   (अ) हल् (ब) अक्
   (स) अच् (द) इक्
6. अभितः, परितः, समया, निकषा, हा प्रति आदि के साथ कौन सी विभक्ति होती है ?
   (अ) द्वितीया (ब) तृतीया
   (स) चतुर्थी (द) सप्तमी
7. क्रिया की सिद्धि में सहायक कारक है ?
   (अ) कर्म (ब) करण
   (स) सम्प्रदान (द) सम्बन्ध
8. अपादान कारक में विभक्ति होती है ?
   (अ) तृतीया (ब) चतुर्थी
   (स) पंचमी (द) सप्तमी
9. "तदैकः" में सन्धि है ?
   (अ) गुण (ब) वृद्धि
   (स) पूर्वरूप (द) पररूप
10. संस्कृत में कितने वाच्य होते हैं ?
    (अ) 01 (ब) 02
    (स) 03 (द) 04

---------------x---------------